हिन्दुस्तान

# यूपी के कामकाज का बजा डंका, देश भर में लागू करेगी केंद्र सरकार

**उपलब्धि**

■ आनंद सिन्हा

लखनऊ। यूपी सरकार के बीते छह साल में किए गए कामों को अब देश के अन्य राज्य भी आत्मसात करेंगे। जी हां, यूपी के ऐसे करीब आधा दर्जन से अधिक नवाचार हैं, जिनको केंद्र सरकार ने अपनी योजनाओं में शामिल कर पूरे देश में शुरू करने का फैसला किया है।

यूपी के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनाए गए चार नवाचारों से उत्साहित केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यूपी के अधिकारियों को बुलाया है ताकि इसे देश भर में लागू किया जा सके। प्रदेश में पहली बार शुरू किए गए ओडीओपी, आकांक्षात्मक ब्लाक, ग्राम सचिवालय, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, आरोग्य मेला जैसी योजनाओं को केंद्र सरकार अन्य राज्यों में लागू करने जा रही है। दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया हाल ही में यूपी के दौरे पर थे। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि स्वास्थ्य विभाग यूपी में ई-रूपी वाउचर, ई-कवच, केयर और डिजीज सर्विलांस पोर्टल के जरिये स्वास्थ्य विभाग के कामकाज को न केवल वैज्ञानिक रूप से सरल बना रहे हैं बल्कि इससे मरीजों आदि को भी लाभ मिल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इन सभी एप की तारीफ की और दिल्ली लौटने के बाद अधिकारियों ने लखनऊ फोन कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिल्ली बुलाया। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यूपी से एक टीम जल्द ही दिल्ली जाएगी।

## एक जिला एक उत्पाद

ओडीओपी योजना को पीएम सराह चुके हैं और कई राज्यों ने इसे अपनाया है। रेलवे ने तो एक स्टेशन एक उत्पाद योजना शुरू की है। इसके जरिये उन विशिष्ट शिल्प कलाओं एवं उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जो देश में कहीं और उपलब्ध नहीं हैं, जैसे प्राचीन एवं पौष्टिक कालानमक चावल, दुर्लभ गेहूँ डंठल शिल्प, विश्व प्रसिद्ध चिकनकारी, कपड़ों पर ज़री-जरदोजी का काम आदि।

## ग्राम सचिवालय

यूपी में ग्राम पंचायतों का अपना ग्राम सचिवालय बन रहा है। इन ग्राम सचिवालय में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की जा चुकी है, जहां इससे जुड़े गांव के हर व्यक्ति की आय, निवास, जाति, जन्म और मृत्यु के प्रमाण पत्र देने की सुविधा है। ग्राम प्रधान,वीडीओ, बीट सिपाही सभी के लिए यहां कक्ष हैं। केंद्र सरकार इसे भी अन्य राज्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## आकांक्षात्मक ब्लाक

आकांक्षात्मक जनपदों की तर्ज पर यूपी सरकार आकांक्षात्मक विकासखंडों के सामाजिक-आर्थिक सुधार के लिए विशिष्ट प्रयास कर रही है। कुल 34 जनपदों में 100 आकांक्षात्मक विकासखंडों का चयन किया गया है। यहां सीएम फेलो के रूप में एमबीए की तैनाती भी की गई है। अब भारत सरकार ने देश में 500 विकास खंडों के समग्र विकास की कार्ययोजना बनाई है।

## जन आरोग्य मेला

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ उपलब्धता के उद्देश्य से यूपी सरकार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार 'मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों' का आयोजन पहली बार शुरू किया। एक ही स्थान पर स्वास्थ्य विभाग की समस्त सेवाएं उपलब्ध होती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सितंबर से प्रारंभ हो रहे 'आयुष्मान भवः' कार्यक्रम में यूपी के इस मॉडल की तर्ज पर आयुष्मान मेले लगाए जाएंगे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान

योगी सरकार ने उद्यमिता और परंपरागत कारीगरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की। जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और दस्तकारों को 6 दिन की फ्री ट्रेनिंग दी जाती है। इसके साथ ही छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए सरकार की तरफ से 10 हजार से लेकर 10 लाख तक की आर्थिक सहायता भी मिलती है। अब भारत सरकार ने इसे पूरे देश में लागू करने की घोषणा की है।